हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 4 सितंबर 2026

04 स्कूलों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम और मटकी...



07 शासकीय स्कूलों में सुविधाओं की हकीकत ...



खबर संक्षेप

आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

विदिशा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज द्वारा आज शुक्रवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे अग्रवाल धर्मशाला बाल विहार से शुरू होकर यात्रा माधवगंज, तिलक चौक और तोपपुरा होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचेगी। समापन के बाद धर्मसभा में भजन, प्रवचन सहित धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समिति अध्यक्ष हरिसिंह यादव ने श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है। वहीं बक्सरिया स्थित झीलकुआं मंदिर में भी कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व मनाया जाएगा। सुबह भगवान का अभिषेक किया जाएगा। शाम को कृष्णजन्म के बधाई गीत होंगे। वहीं रात 12 बजे कृष्णजन्मोत्सव मनाया जाएगा।

अमले ने की डेयरी और मिठाई दुकानों की जांच

विदिशा। जन्माष्टमी पर्व को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं नापतौल विभाग की संयुक्त टीम ने डेयरी और मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, माप-तौल और निर्धारित मानकों की जांच की गई। नापतौल विभाग ने अनियमितता मिलने पर दो प्रकरण दर्ज किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने रैपिड टेस्ट किट से गाय, भैंस और मिश्रित दूध के नमूनों की प्राथमिक जांच की। विस्तृत वैज्ञानिक परीक्षण के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

चन्द्रमोहन बने मानव अधिकार आयोग मित्र

विदिशा। मप्र मानव अधिकार आयोग ने विदिशा जिले के लिए चन्द्रमोहन अग्रवाल को आयोग मित्र नियुक्त किया है। अग्रवाल



वर्तमान में जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य हैं। वे रोटरी इंटरनेशनल में विभिन्न पदों पर रहते हुए समाजसेवा के कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा रेडक्रास सोसायटी की जिला कार्यकारिणी के सदस्य और अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के संभागीय अध्यक्ष हैं। उनकी सामाजिक सेवाओं को देखते हुए मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और आयोग अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

समिति की बैठक 7 सितंबर को होगी

विदिशा। जिला सलाहकार समिति के अंतर्गत नवीन पंजीयन एवं पंजीयन नवीनीकरण के लिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों पर निर्णय लेने के लिए 7 सितंबर को दोपहर 12 बजे सीएमएचओ कार्यालय में बैठक करेगी। बैठक में प्राप्त आवेदनों के दस्तावेजों और निर्धारित मापदंडों के अनुसार पात्रता की समीक्षा की जाएगी। समिति द्वारा आवेदनों पर नियमानुसार निर्णय लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने की अपेक्षा की गई है।

प्रतियोगिता के लिए 15 सितंबर तक पंजीयन

विदिशा। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के तत्वावधान में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026-2028 के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित है। प्रतियोगिता में रोबोटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी, वेब टेक्नोलॉजी, वेल्डिंग, कुकिंग, बेकरी और ऑटोमोबाइल सहित 63 कौशल शामिल हैं। प्रतिभागियों का चयन जिला, राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर होगा। राष्ट्रीय विजेताओं को 2028 में जापान के आइची में होने वाली वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक युवा स्किल इंडिया डिजीटल पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं।

विजय मंदिर की प्राचीन बावड़ी में आज भी जीवंत हैं कान्हा की बाल लीलाएं

विजय मंदिर परिसर की 8वीं शताब्दी की बावड़ी के खंबे पर उत्कीर्ण है कृष्णलीला माखन चोरी से कालिया दहन तक पत्थरों पर उकेरी गई कृष्ण की छवियां।

- बावड़ी इतिहास व धर्म, दोनों दृष्टियों से महत्व रखती है।

अटल तिवारी ⏭विदिशा

विदिशा का ऐतिहासिक विजय मंदिर, जिसे स्थानीय रूप से बीजामंडल के नाम से जाना जाता है, अपने स्थापत्य वैभव के साथ भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं को संजोए हुए है।

मंदिर परिसर के उत्तर दिशा में स्थित प्राचीन बावड़ी के स्तंभों पर भगवान कृष्ण के जन्म से लेकर उनकी विभिन्न बाल लीलाओं का बेहद सुंदर उत्कीर्ण किया गया है। पत्थरों पर उकेरी गई ये आकृतियां



सदियों बाद भी कृष्ण की बाल छवि और उनकी लीलाओं को जीवंत करती नजर आती हैं। बावड़ी के स्तंभों पर माखन चोरी, कालिया दहन और गोवर्धन पर्वत उठाने जैसी कृष्ण लीलाओं के दृश्य उकेरे गए हैं। इन शिल्पों में बाल कृष्ण की चंचलता, साहस और अद्भुत स्वरूप को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यही वजह है कि बीजामंडल की यह बावड़ी इतिहास और धर्म, दोनों दृष्टियों से विशेष महत्व रखती है। इतिहासकारों के अनुसार यह

- संरक्षण की दिशा में कोई खास कदम नहीं उठाए जा सके हैं।

बावड़ी करीब 8वीं शताब्दी की मानी जाती है और मंदिर से लगभग 400 वर्ष प्राचीन है। विजय मंदिर का निर्माण चालुक्य राजा कृष्ण के प्रधानमंत्री वाचस्पति द्वारा कराया गया था। वहीं यह बावड़ी और खंबे पर उत्कीर्ण कृष्णलीला प्रतिहार राजवंश की मानी जाती है। विदिशा सहित ग्यारसपुर में प्रतिहारकाल की स्थापत्यकला के कई मान्यूमेंट हैं। बीजामंडल की पहचान केवल उसके विशाल स्थापत्य से नहीं, बल्कि उन पत्थरों से भी है, जिन पर बाल गोपाल की लीलाएं सदियों से मुस्कुराती हुई दिखाई देती हैं। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यह धरोहर विशेष रूप से श्रद्धालुओं और इतिहास प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करती है।

पद्मश्री से सम्मानित इतिहासकार नारायण व्यास बताते हैं कि बीजामंडल बावड़ी के खंबे पर उत्कीर्ण कृष्णलीला देश की प्राचीनतम मानी जाती है। प्राचीन बावड़ी के खंबे पर उत्कीर्ण कृष्णलीला को सहेजने और उसके संरक्षण की दिशा में कोई खास कदम नहीं उठाए जा सके हैं। खंबे पर उत्कीर्ण लीलाओं के दृश्यों क्षरण हो रहा है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा इनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है।



प्रतिहार राजवंश के काल में 7वीं से 8वीं शताब्दी में इस खंबे पर उकेरी गईं थीं कृष्णलीला

फिर मेहरबान हुआ मानसून, पर नदी-नाले और तालाब अब भी रीते

तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट, अब भी सामान्य से 37% कम बरसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। गुरुवार सुबह से शहर और आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुककर रिमझिम और मध्यम बारिश हो रही है। बारिश से मौसम सुहाना हो गया है और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक जिले में बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। जिले में 3 सितंबर तक औसतन 677.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सामान्य औसत बारिश 1075.5 मिमी है। यानी अब तक सामान्य बारिश का करीब 63% ही पानी बरसा है और बारिश सामान्य से लगभग 37% कम है। पिछले साल इसी अवधि तक 1014.5 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी थी। हालांकि जिलेभर में नदी नाले, तालाब अब भी रीते हैं।



विदिशा। गुरुवार को दिनभर होती रही रुक रुककर बारिश।

बेतवा खतरे के निशान से अभी 21 फीट नीचे

बारिश के बीच बेतवा नदी का जलस्तर भी बढ़ा है। मुखर्जी पार्क स्थित गेज के अनुसार गुरुवार सुबह नदी का जलस्तर 1352 .30 फीट दर्ज किया गया। नदी का तल 1343 फीट और खतरे का स्तर 1373 .64 फीट है। फिलहाल बेतवा नदी खतरे के निशान से करीब 21 .34 फीट नीचे बह रही है।

हलाली 76.64% भरा क्षमता 193.231 है

बारिश का असर सम्राट अशोक सागर जलाशय के जलस्तर पर भी दिखाई दे रहा है। 3 सितंबर सुबह 8 बजे जलाशय का जलस्तर 458 .50 मीटर दर्ज किया गया। इसकी कुल क्षमता 193 .231 एमसीएम है और जलाशय 76 .64% भर चुका है। बुधवार-गुरुवार के दौरान यहां 5 मिमी बारिश हुई, जबकि सीजन में अब तक कुल 491 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है।

4 से 6 तक तेज बारिश की संभावनाः लटेरी में सबसे ज्यादा 896.8 मिमी वर्षा

मौसम विज्ञानी सतेन्द्र सिंह तोमर के मुताबिक, फिलहाल जिले में 10 से 15 मिमी बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 4, 5 और 6 सितंबर को भारी बारिश हो सकती है। अगले चार से पांच दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार अब तक लटेरी में सबसे ज्यादा 896 .8 मिमी बारिश दर्ज हुई है। बासौदा में 804 .2 मिमी, पठारी में 802 .3 मिमी, नटेरन में 702 मिमी और ग्यारसपुर में 677 मिमी बारिश हुई है। गुलाबगंज में सबसे कम 417 मिमी बारिश दर्ज की गई। गुरुवार को जिले में औसतन 17 .7 मिमी बारिश हुई। सिरोंज में सबसे ज्यादा 30 मिमी, पठारी में 27 .4 मिमी, बासौदा में 27 .2 मिमी और कुरवाई में 26 .2 मिमी बारिश दर्ज की गई। लटेरी में गुरुवार को बारिश नहीं हुई।

एक्सक्लूसिवः स्कूल बंद, शिक्षा से वंचित आदिवासी बच्चे

चोपड़ा गांव में 30 बच्चों के लिए स्कूल न आंगनबाड़ी

10 वर्ष पहले चोपड़ा में स्कूल संचालित होता था।

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

शासकीय शिक्षा व्यवस्था की हकीकत उजागर करने वाली यह खबर हैदरगढ़ संकुल के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहम्मदगढ़ के आदिवासी बहुल ग्राम चोपड़ा की है।

यहां वर्षों पहले स्कूल बंद हो जाने के कारण करीब 25 से 30 बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। गांव में स्कूल भवन मौजूद होने के बावजूद बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पा रही। यहां आंगनबाड़ी केंद्र तक नहीं है। गांव पहुंचने पर स्कूल की इमारत मिली, लेकिन उसमें कई वर्षों से कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार अधिकांश परिवार गरीब और मजदूर वर्ग से हैं। बच्चों को दूर-दराज के स्कूलों में भेजना उनके लिए आर्थिक रूप से मुश्किल है। ऐसे में गांव में ही स्कूल शुरू होने से बच्चों को शिक्षा की सुविधा मिल सकेगी।



ग्रामीणों ने शासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि गांव में बच्चों की संख्या का सर्वे कराकर स्कूल को दोबारा शुरू किया जाए। साथ ही छोटे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र भी खोला जाए, ताकि उन्हें प्रारंभिक शिक्षा और पोषण संबंधी सुविधाएं मिल सकें।

प्रयास करेंगे...

करीब 10 वर्ष पहले चोपड़ा में स्कूल संचालित होता था। उस समय ग्रामीण परिवार मजदूरी के लिए बाहर पलायन कर जाते थे, जिससे स्कूल बंद हो गया। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत परिवारों को मकान मिलने से लोग गांव में स्थायी रूप से रहने लगे हैं। यदि वर्तमान में 20 से 25 बच्चे स्कूल जाने योग्य पाए जाते हैं तो स्कूल दोबारा संचालित कराने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि विभाग जल्द पहल कर बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में कदम उठाएगा।

- ज्ञान सिंह अहिरवार, बीआरसी

टीईटी के विरोध में शिक्षक दिवस पर बांधेंगे काली पट्टी

विदिशा। टीईटी के विरोध में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस नहीं मनाया जाएगा शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूल पहुंच कर स्कूल कार्य करेंगे एवं टीईटी के फार्म नहीं भरने की अपील की जा रही है।

प्रांतीय शिक्षक संघ के प्रदेश सह संगठन मंत्री राजेन्द्र राय और जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने कहा है की विभाग पहले यह स्पष्ट करें की किन शिक्षकों को परीक्षा देनी है वर्ष वार सूची जारी होने के बाद ही संगठन आगे की रणनीति तैयार करेगा। वर्ष 2005 से 2009 के बीच शान द्वारा व्यापम की पात्रता परीक्षा कराई गई थी इस बीच शिक्षक पात्रता परीक्षा पास कर उनकी नियुक्ति हुई थी । वर्ष 2005 से 2009 के बीच नियुक्त शिक्षकों की स्थिति उलझी है। इसलिए इन्हें विशेष टीईटी से मुक्त रखा जाना चाहिए। संघ का कहना है नियुक्ति के समय लागू सेवा शर्तें को आधार पर 18 से 28 वर्ष तक सेवा दी है अब इतने वर्षों बाद परीक्षा अनिवार्य करना उचित नहीं है। प्रांतीय शिक्षक संघ मप्र ने शासन से मांग की है की अगस्त 2010 से पूर्व समस्त शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान की जाए।

हत्या के मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार

विदिशा। हत्या के मामले में करीब दो वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को मुरवास पुलिस ने जिला धार के पीथमपुर से गिरफ्तार किया है। 2015 में मुरवास थाने में भूरा उर्फ भूपेन्द्र धाकड़, संजीव धाकड़ सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। आरोपी संजीव धाकड़ जमानत पर रिहा होने के बाद न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ और फरार हो गया। अपर सत्र न्यायालय लटेरी ने स्थाई वारंट जारी किया था। पुलिस को आरोपी के पीथमपुर में मजदूरी करने की सूचना मिली। तकनीकि साक्षयों के आधार पर 1 सितंबर को उसे गिरफ्तार किया गया।

आरटीओ कार्यालय पहुंचे संभागायुक्त, निरीक्षण कर ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी ली, पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने गुरुवार को आरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और ऑनलाइन प्रक्रियाओं की जानकारी ली। संभागायुक्त ने लाइसेंस, पंजीयन, राजस्व, फिटनेस एवं परमिट शाखाओं में संधारित पंजियों की जांच की। समीक्षा में सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में



51.36 करोड़ रुपए के लक्ष्य के विरुद्ध 46.74 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में अगस्त तक 18.18 करोड़ रुपए के लक्ष्य के विरुद्ध 18.77 करोड़ रुपए राजस्व अर्जित किया गया, जो लक्ष्य से 3.24 प्रतिशत अधिक है। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने कार्यालय की कार्यप्रणाली और राजस्व संग्रहण पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परिवहन संबंधी सेवाएं नागरिकों को सुलभ, पारदर्शी और समय-सीमा में उपलब्ध कराई जाएं।

जिले में 3.15 लाख से अधिक वाहन पंजीकृत

जिले में वर्तमान में कुल 3,15,904 वाहन पंजीकृत हैं। वर्ष 2025-26 में 28,081 वाहनों का पंजीयन हुआ, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में अगस्त तक 9,481 वाहनों का पंजीयन किया जा चुका है। इसी अवधि में 7,069 लर्निंग और 8,170 स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए।

अटल उद्यान के पास 58.5 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। शहर में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। सिविल लाइन पुलिस ने अटल उद्यान के पास घेराबंदी कर 325 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की है। बरामद शराब की मात्रा 58 .5 लीटर और अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अटल उद्यान के आसपास शराब लेकर बिक्री के लिए घूम रहा है। मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पहचान दिलीप कुचबंदिया निवासी शेरपुरा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि पुलिस उसके आपराधिक रिकॉर्ड और शराब की सप्लाई के स्रोत की जानकारी जुटा रही है। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेस में हुआ आयोजन

बीएमएलटी तृतीय वर्ष के छात्रों ने पूर्ण किया शोध कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

साई कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेस के बीएमएलटी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने पाठ्यक्रम के अंतर्गत शोध कार्य (थीसिस) सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है।

विद्यार्थियों को मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी एवं क्लिनिकल लैबोरेटरी से संबंधित विभिन्न विषयों पर शोध कार्य दिए गए थे। विद्यार्थियों ने कॉलेज के शिक्षकों एवं गाइड के मार्गदर्शन में अपने विषयों पर अध्ययन कर शोध कार्य पूरा किया। शोध कार्य के दौरान विद्यार्थियों को सैंपल कलेक्शन, लैबोरेटरी तकनीक,



विदिशा। बीएमएलटी तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने अपनी थीसिस एवं रिसर्च रिपोर्ट कॉलेज में जमा की।

डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण तथा रिसर्च रिपोर्ट तैयार करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। इससे विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हुआ। शोध कार्य पूर्ण

- रिसर्च रिपोर्ट तैयार करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

होने के बाद बीएमएलटी तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने अपनी थीसिस एवं रिसर्च रिपोर्ट कॉलेज में जमा की। कॉलेज प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सफलतापूर्वक शोध कार्य पूर्ण करने पर बधाई दी। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ रिसर्च एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे विद्यार्थी भविष्य में कुशल मेडिकल लैबोरेटरी प्रोफेशनल बन सकें।

जिला स्तरीय फुटबॉल में गुलाबगंज बालिका और विदिशा बालक चैंपियन

विदिशा। स्थानीय खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय शालेय फुटबॉल अंडर-17 बालक-बालिका प्रतियोगिता का समापन हुआ। बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में गुलाबगंज ने सिरोंज को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में गुलाबगंज ने विदिशा को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में विदिशा ने सिरोंज को 7-0 से करारी शिकस्त दी। विदिशा की ओर से जसन सिंह दोहल, राजवीर और अग्रिम ने दो-दो गोल किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला टीम के लिए किया जाएगा। चयनित टीम 17 सितंबर को सीहोर में होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6410
सरसों
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7580
चना
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-6231
मसूर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-7900
शरबती
न्यूनतम भाव-3705
उच्चतम भाव-3705
गेंहू
न्यूनतम भाव-2581
उच्चतम भाव-2941
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2594
उच्चतम भाव-2594
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-2600
धान
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2800
मूंग
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-7240

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 1052 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

जन्माष्टमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

गंजबासौदा। नवांकुर विद्यापीठ में कृष्ण जन्माष्टमी पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए।
प्रधानाध्यापिका सीमा साध के मार्गदर्शन में माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों ने भाषण, गायन और राधा-कृष्ण नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे बच्चों को कृष्ण रूप में सजाया गया। प्राथमिक विभाग में प्रधानाध्यापक नितिन डोंगरे के नेतृत्व में कार्यक्रम हुए। पूर्व में पेंटिंग, मटकी-बांसुरी सजावट प्रतियोगिताएं भी हुईं। माध्यमिक विभाग के 66 विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित मनमोहक चित्रकलाओं का प्रदर्शन किया। प्राचार्य संदीप रावत ने विजेताओं को पुरस्कृत करने की घोषणा की।

बारिश के चलते सड़क में उभरे गड्ढे

गंजबासौदा। इन दिनों रुक रुक कर हो रही बारिश से सड़कों में गड्ढे उभर आए हैं जिनमें कीचड़ एवं बारिश का पानी जमा हो जाने से पैदल राहगीरों, दो पहिया वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नगर के पचमा बायपास मार्ग में त्योंदा रोड से लेकर पचमा तिराहा तक सड़क में जगह जगह गड्ढे उभर आऐ हैं। जिनमें वाहनों के पहिया उतर जाने से वाहनों से उचटने वाला पहिया पैदल राहगीरों एवं दो पहिया वाहन चालकों को गंदा कर रहा है। जिससे कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

विभाषा ने कपड़े पर उकेरी स्व. लक्ष्मीदेवी की जीवंत तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर की प्रतिभाशाली चित्रकार बिटिया विभाषा सिंह ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्व. लक्ष्मीदेवी दांगी की तस्वीर को कपड़े पर हुबहू और बेहद खूबसूरती से उकेर कर हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभाषा ने यह भावुक चित्र स्व. लक्ष्मीदेवी के ज्येष्ठ पुत्र सुरेंद्र सिंह दांगी को भेंट स्वरूप प्रदान किया। अपनी स्वर्गीय माताजी की जीवंत तस्वीर को देखकर सुरेंद्र सिंह बेहद भावुक हो गए। बासौदा का नाम रोशन कर रही विभाषा आजकल इंदौर में अपनी वृहद स्तर की पेंटिंग्स के माध्यम से पहचान बना रही हैं। अपनी कला तकनीक के बारे में जानकारी देते हुए विभाषा ने बताया कि इसे 'डाइज पेंटिंग' (Dyes Painting) कहा जाता है। इस तकनीक से किसी भी कपड़े पर पेंटिंग की जा सकती है और सबसे खास बात यह है कि यह पूरी तरह से वॉशेबल (धुलने योग्य) होती है। विभाषा अब तक इंदौर में लहंगा, साड़ी, नैपकिन और बेडशीट जैसे विभिन्न कपड़ों पर



अपनी पेंटिंग कला का शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं।

इस अवसर पर चित्रकारी क्षेत्र के महारथी सुरेंद्र भारद्वाज, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, नवांकुर डायरेक्टर शैलेंद्र दीक्षित, विजय अग्रवाल, राजेंद्र व्यास, यशपाल यादव और मुकेश सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने बासौदा की इस होनहार बेटी की अद्भुत प्रतिभा और कला की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शुक्रवार को अवकाश के चलते गुरूवार को ही स्कूलों में मनी जन्माष्टमी

स्कूलों में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम और मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव देश भर में शुक्रवार को पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। इस दिन स्कूलों में भी अवकाश रहेगा और इसी के चलते नगर में एक दिन पूर्व ही स्कूलों में बच्चों के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। जिसमें बच्चों के बीच मटकी फोड प्रतियोगिता सहित राधा कृष्ण की झांकी, भजन और लोकगीतों का आयोजन किया गया।





गुरूवार को कौटिल्य गुरुकुलम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को फूलों, गुब्बारों और रंग-बिरंगी झांकियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी, सुदामा और गोपियों की मनमोहक वेशभूषा में सजाया गया था। सिर पर मोर मुकुट, हाथ में बांसुरी और चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान लिए जब नन्हे कान्हा कमरों से विद्यालय परिसर में पहुंचे, तो सभी का मन मुग्ध हो गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के भक्ति भजनों और लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही। उत्साह और उमंग के बीच नन्हे ग्वालों की टोली ने पिरामिड बनाकर जय कन्हैया लाल की के जयकारों के साथ मटकी फोड़ी, जिस से पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।
दूसरी ओर कमलदीप अकादमी हाई स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के पूजन एवं वंदन से हुआ। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा, झाँकियों, नृत्य, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर मटकी सजावट एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोमांचक मुकाबले के बाद रामू राजपूत ने मटकी फोड़कर विजय हासिल की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद भगवत गीता के माध्यम से संपूर्ण जगत को जीवन का सार प्रदान किया है। उनके जीवन एवं शिक्षाओं से हम सभी बहुत कुछ सीख सकते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर सौरभ कुमार जैन ने विद्यार्थियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के अंत में शिवम बबेले ने आभार व्यक्त किया।

रुद्राक्ष धाम मंदिर में जन्माष्टमी पर केशवम बैंड दिल्ली का भजन क्लबिंग कार्यक्रम



सागर। भगवान वासुदेव श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव के पुण्य पर्व जन्माष्टमी (4 सितंबर, शुक्रवार) को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में स्थित श्री राधाकृष्ण जी मंदिर एवं श्री दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण में शाम 4 बजे केशवम बैंड दिल्ली के द्वारा सांस्कृतिक भजन क्लबिंग का आयोजन किया गया है। जन्माष्टमी पर रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में प्रातः 9 बजे राधे-राधे मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ होगा। इसके साथ ही श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी भजनों का कार्यक्रम होगा। शाम 4 बजे केशवम बैंड दिल्ली के द्वारा प्रस्तुत भजन क्लबिंग कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार करेंगे। रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तथा भव्य आतिशबाजी कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रमों को दौरान इंस्पिरेशन अकादमी द्वारा श्री राधाकृष्ण जी की मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। जन्माष्टमी आयोजन हेतु रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से सजावट की गई है। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में जन्माष्टमी पर आयोजित भजन संध्या तथा दिन भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सादर आमंत्रित किया है।

आवारा कुत्तों से नागरिक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर की गलियों एवं मुख्य मार्गों पर झुंड के रूप में विचरण करते आवारा कुत्तों से राहगीर और दोपहिया वाहन चालक खासे परेशान हैं। कई स्थानों पर कुत्तों के झुंड सड़क और गलियों में डेरा जमाए रहते हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय स्थिति और अधिक परेशानी वाली हो जाती है। सुनसान सड़कों और गलियों में कुत्तों के झुंड अचानक वाहनों के पीछे दौड़ पड़ते हैं। इससे दोपहिया वाहन चालकों के संतुलन बिगड़ने और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। वहीं पैदल आने-जाने वाले लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को भी इनसे परेशानी होती है। नागरिकों का कहना है कि नगर के कई मोहल्लों में लंबे समय से आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। कुत्तों के झुंड जगह-जगह घूमते नजर आते हैं। इनके कारण कई बार वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी कम हो।

रिमझिम बारिश से भू जल स्तर सुधरने की उम्मीद बढी

आज तक हो चुकी है 804.2 मिमी बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को अल सुबह से नगर में हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरु हुआ जो रुक रुक कर दिन भर चलता रहा और खबर लिखे जाने तक भी रिमझिम बारिश जारी है। उधर इस बारिश से किसानों को काफी राहत मिल रही है। इलाके के किसान इन दिनों सोयाबीन, उडद में कीट व्याधियों से खासे चिंतित हो रहे थे। किसानों का कहना है कि इस वर्ष रह रहकर हो रही बारिश से सोयाबीन काफी बढ गया है। इस बीच बारिश की अनियमितता से फसल में कीट व्याधि भी बढ गई, जिससे किसानों को दो से तीन बार कीटनाशकों का छिडकाव करना पड रहा है। वहीं कीट व्याधि के चलते सोयाबीन का फलन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में चिंतित किसानों को अब लगातार हो रही रिमझिम बारिश से राहत मिल गई है और उनका कहना है कि इससे कीट व्याधियों की रोकथाम हो सकेगी। दूसरी ओर इस वर्ष मूसलाधार बारिश न होने से नदी नालों में पूर्व के बरसों की तरह उफान नहीं आया है, लेकिन पिछले दिनों से मौसम में आए बदलाव और लगातार हो रही रिमझिम बारिश से अब भू जल स्तर सुधरने की उम्मीद बढ गई है। इलाके में ही पिछले 24 घंटो में 27.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिसे मिलाकर अभी तक गंजबासौदा में 804.2 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले आज दिनांक तक वर्ष 912.3 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। इस लिहाज से गत वर्ष की अपेक्षा अभी कम बारिश हुई है, लेकिन आगामी दिनों में इलाके में औसत बारिश होने की संभावना है। उधर इलाके के मौसम की जानकारी देने वाली वेबसाइटों ने आगामी 11 सितंबर तक इलाके में अच्छी बारिश के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। हांलाकि दूसरी वेबसाइट ने आगामी 17 सितंबर तक अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। यदि ये पूर्वानुमान सटीक निकलते हैं तो फसलों को काफी लाभ होगा।

ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में अव्यवस्थित तरीके से खड़े ई-रिक्शा रेल यात्रियों और आमजन के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। नगर में संचालित सैकड़ों ई-रिक्शा चालक मनमाने ढंग से अपने वाहन इधर-उधर खड़े कर देते हैं, जिससे परिसर में आवागमन बाधित हो रहा है। विशेष रूप से ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान के समय स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है। यात्रियों की भीड़ के बीच अव्यवस्थित खड़े वाहनों के कारण लोगों को निकलने के लिए रास्ता तलाशना पड़ता है। बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे एवं सामान लेकर स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्टेशन परिसर में ई-रिक्शा की व्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित करने के साथ ही मुख्य आवागमन मार्गों को अतिक्रमण और अव्यवस्थित वाहनों से मुक्त रखा जाना चाहिए। लोगों ने रेलवे प्रशासन से इस ओर ध्यान देकर उचित व्यवस्था बनाने की मांग की है, ताकि यात्रियों को स्टेशन परिसर में सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। जागरुक नागरिकों एवं रेल अपडाउनरों ने बताया कि ई-रिक्शा चालक सुबह से लेकर देर रात्रि तक रेल्वे स्टेशन पर सवारी छोड़ने एवं लेने आते हैं। वह अपने वाहनों को रेल्वे स्टेशन के मुख्य द्वार के दोनों ओर एवं परिसर में चारों ओर जहां जगह मिलती है वहां पर खड़े कर लेते हैं। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों, अपडाउनरों एवं रेल यात्रियों को आवागमन में खासी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। लोगों ने समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है।

अभिभाषक कक्ष का भूमि पूजन शनिवार को



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रजोदा रोड स्थित नवीन न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ के अतिरिक्त कक्ष का भूमि पूजन एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा उच्च न्यायालय जबलपुर, न्यायमूर्ति डीडी बंसल उच्च न्यायालय जबलपुर, न्यायमूर्ति रमेश मिलिंद फड़के उच्च न्यायालय ग्वालियर एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश विदिशा, न्यायमूर्ति आनंद सिंह बहरावत उच्च न्यायालय ग्वालियर, न्यायमूर्ति अजय कुमार निरंकारी उच्च न्यायालय जबलपुर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा शेख सलीम मौजूद रहेंगे। वहीं स्थानीय न्यायाधीशगण भी उपस्थित रहेंगे। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट अमान सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि हमें प्रसन्नता का विषय और गौरव की बात है कि तहसील स्तर पर पहली बार ऐसा आयोजन हो रहा है। जिसमें एक साथ पांच न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय की गरिमामयी उपस्थित रहेगी। उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त कक्ष के भूमिपूजन के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान एवं अतिथियों द्वारा नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरण भी किया जाएगा।

कलश यात्रा से शुरु हुआ धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

श्रीधाम बासौदा स्थित भगवान श्री रामदेव दरबार में 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। दोपहर के समय स्टेशन क्षेत्र स्थित नौलखी मंदिर से कलश यात्रा निकली। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यात्रा राजेंद्र नगर स्थित भगवान श्री रामदेव मंदिर पहुंची जहां उसका समापन हुआ। कलश यात्रा में गंजबासौदा के अलावा भोपाल, विदिशा, अशोकनगर, गुना, सिरोंज सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर में 4 से 12 सितंबर तक प्रतिदिन भगवान श्री रामदेव की संगीतमय कथा होगी। गुरुदेव पंडित हरिनारायण पाठक कथा का वाचन करेंगे। कथा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस दौरान श्रद्धालु भगवान श्री रामदेव के जीवन से जुड़े प्रसंगों और उनकी महिमा का श्रवण करेंगे। 10 दिवसीय आयोजन का मुख्य आकर्षण 13 सितंबर को होने वाला भगवान श्री रामदेव का जन्मोत्सव रहेगा। जन्मोत्सव धार्मिक उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बारिश को देखते हुए आयोजन स्थल पर 70 गुणा 150 फीट का वॉटरप्रूफ पंडाल लगाया गया है।

विद्यालय समय विद्यार्थी परिसर से दिखे बाहर, प्राचार्य को नोटिस हुआ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। गत दिवस दोपहर के समय एसडीएम अनुभा जैन के औचक निरीक्षण किया। विद्यालय समय में कुछ विद्यार्थी स्कूल से घर जाते मिले। एसडीएम ने विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप चौरसिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 1 सितंबर को किए गए निरीक्षण का हवाला देते हुए नोटिस में कहा गया है कि विद्यालय समय में विद्यार्थियों का परिसर से बाहर जाना प्रथम दृष्टया स्कूल प्रबंधन की लापरवाही और शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। नोटिस में इसे मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के प्रावधानों के तहत दंडनीय बताते हुए प्राचार्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। निर्धारित समय में जवाब नहीं देने या अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। भविष्य की व्यवस्था को लेकर भी एसडीएम ने निर्देश दिए हैं कि यदि कोई विद्यार्थी विद्यालय समय में परिसर से बाहर पाया जाता है तो संबंधित कक्षा में उस समय का कालखंड लेने वाले शिक्षक या शिक्षिका को जिम्मेदार माना जाएगा। प्रशासन की कार्रवाई के बाद विद्यालय प्रबंधन में हड़कंप की स्थिति है। अब प्राचार्य के जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

वार्डों में पहुंचे मुख्य नगर पालिका अधिकारी, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

देवरी। नगर में मूलभूत नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और वार्डों में व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार ने नगर के लक्ष्मी वार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य नागरिक सुविधाओं का मौके पर जायजा लिया और संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने वार्डों में पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। नागरिकों द्वारा स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखी गईं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोहर विंझवार ने कहा कि नगर की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वार्डों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था सामने आने पर तत्काल उसका निराकरण किया जाए तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। निरीक्षण के दौरान सब इंजीनियर सुनील खेमरिया, पार्षद काशीराम पटेल, पार्षद प्रतिनिधि राकेश चौरसिया एवं नारायण वाल्मीकि सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के इस औचक निरीक्षण से नगर पालिका की व्यवस्थाओं को लेकर मैदानी स्तर पर निगरानी बढ़ने के साथ ही नागरिकों में भी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की उम्मीद जगी है।

विश्वविद्यालयः व्यवसाय प्रबंधन विभाग की शोधार्थी आकृति श्रीवास्तव को मिली पीएचडी की उपाधि

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के व्यवसाय प्रबंधन विभाग की शोधार्थी सुश्री आकृति श्रीवास्तव को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है उनका शोध प्रबंध "भारत में उच्च शिक्षा के कर्मचारियों के चयनित निवेश साधनों के प्रति निवेश व्यवहार का एक अध्ययनः मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में" विषय पर था। उन्होंने अपना शोध कार्य विभाग की सहायक आचार्य बबीता यादव के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनका यह अध्ययन भारत में उच्च शिक्षा के कर्मचारियों के चयनित निवेश साधनों के प्रति निवेश व्यवहार का विश्लेषण करता है, जिसमें निवेश प्राथमिकताओं, निवेश व्यवहार को प्रभावित करने वाले जनसांख्यिकीय, तकनीकी एवं अभिवृत्तिगत कारकों का अध्ययन किया गया है। मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में किया गया यह शोध निवेश निर्णयों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों की पहचान करते हुए बेहतर वित्तीय नियोजन एवं निवेश जागरूकता हेतु उपयोगी सुझाव प्रस्तुत करता है।

विद्यार्थियों के अधिकारों और समस्याओं को लेकर जन आंदोलन में सहयोग करेंगे सुभाष बोहत

युवक कांग्रेस के आह्वान पर अभियान

शासकीय स्कूलों में सुविधाओं की हकीकत जानने होगा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

युवक कांग्रेस के आह्वान पर जिले के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों को शासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं और सुविधाओं को लेकर जानकारी ली जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को उनके अधिकार एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रस्तावित जन आंदोलन में पूर्व विधायक प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी एडवोकेट सुभाष बोहत एवं पूर्व जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट सुभाषिनी बोहत द्वारा सहयोग किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को मिलने वाली मूलभूत, शैक्षणिक एवं आवश्यक सुविधाओं की वास्तविक स्थिति सामने लाना है। निरीक्षण के दौरान यदि किसी विद्यालय में सुविधाओं की कमी, योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही अथवा विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की स्थिति सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों के समक्ष इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।



शौचालय से लेकर पेयजल तक की होगी पड़ताल



विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शौचालय-बाथरूम की उपलब्धता एवं साफ-सफाई, स्कूल परिसर की स्वच्छता, छात्र-छात्राओं के लिए स्वच्छ पेयजल, कक्षाओं की स्थिति, बिजली, पंखे, प्रकाश व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त फर्नीचर सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी जाएगी। इसके अलावा विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं की भी जानकारी ली जाएगी। छात्र-छात्राओं को मिलने वाली छात्रवृत्ति, ड्रेस, कॉपी-किताब एवं अन्य निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री पात्र विद्यार्थियों को समय पर मिल रही है या नहीं, इसकी भी पड़ताल की जाएगी।

मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर भी रहेगा ध्यान

अभियान के दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं नियमितता पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा से जुड़ी अन्य आवश्यक सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से ली जाएगी। विद्यार्थियों और अभिभावकों से सीधे संवाद कर यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि उन्हें शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल रहा है अथवा नहीं।

विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलना जरूरी

इस संबंध में सुभाष बोहत एडवोकेट एवं सुभाषिनी बोहत एडवोकेट ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाला प्रत्येक बच्चा बेहतर शिक्षा और आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का हकदार है। यदि किसी विद्यालय में शौचालयों की साफ-सफाई नहीं हो रही है, पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं है, विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति अथवा ड्रेस नहीं मिल रही है, किताब-कॉपियों या अन्य शैक्षणिक सामग्री की कमी है अथवा विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, तो ऐसी समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य किसी संस्था या व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के हित में शासन की योजनाओं और सुविधाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराना है। विद्यालयों की वास्तविक समस्याओं को सामने लाकर उनके निराकरण के लिए प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई की मांग की जाएगी।

शिक्षा के साथ बेहतर वातावरण भी जरूरी

बोहत ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ शौचालय, साफ-सुथरा विद्यालय परिसर, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली, पंखे, प्रकाश व्यवस्था, समय पर छात्रवृत्ति, ड्रेस, कॉपी-किताब एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं भी बेहतर शैक्षणिक वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन व्यवस्थाओं के अभाव में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई पर पड़ सकता है।

विद्यार्थियों और अभिभावकों की समस्याएं भी सुनी जाएंगी

युवक कांग्रेस के आह्वान पर चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत जिले के शासकीय स्कूलों की स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की समस्याओं को भी सुना जाएगा। सामने आने वाली समस्याओं को आवश्यकता के अनुसार संबंधित विभाग एवं प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा तथा उनके निराकरण की मांग की जाएगी। अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक शासकीय विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार कराने और विद्यार्थियों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराने का रहेगा। हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर स्कूल में सुविधाएं और हर पात्र विद्यार्थी को उसका अधिकार। इसी उद्देश्य से विद्यालयों के निरीक्षण व प्रस्तावित जनआंदोलन में सहयोग किया जाएगा।

ताइक्वांडो में विदिशा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, पांच ने जीता स्वर्ण

उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भोपाल में आयोजित 70वीं संभागीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विदिशा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 3 सितंबर 2026 तक भोपाल के टीईटी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया, जिसमें भोपाल संभाग के सभी जिलों की शालेय ताइक्वांडो टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विदिशा जिले की टीम की ओर से आदर्श ताइक्वांडो क्लब के 10 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इनमें से पांच खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। जूनियर बालक वर्ग में समर्थ दिनकर ने अंडर-35 किलोग्राम, नवदीप जाट ने अंडर-38 किलोग्राम तथा ध्रुव प्रताप सिंह ने अंडर-41 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में विधि कुशवाह ने अंडर-46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी प्रकार सीनियर बालक वर्ग में दिव्यांश जाट ने अंडर-48 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। खास बात यह रही कि फाइनल मुकाबलों में इन सभी पांचों खिलाड़ियों ने भोपाल के खिलाड़ियों को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से विदिशा जिले एवं आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में कनक प्रजापति एवं वेदांशी जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि दिव्यांश पाल, हिमांशी प्रजापति एवं आराध्य नेमा ने तृतीय स्थान हासिल कर प्रतियोगिता में अपना दमदार प्रदर्शन किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे संभाग का प्रतिनिधित्व

संभागीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जूनियर वर्ग के चारों खिलाड़ी 26 से 29 सितंबर 2026 तक सतना में आयोजित होने वाली 70वीं राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं सीनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांश जाट 21 से 24 अक्टूबर 2026 तक देवास में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम की ओर से खेलेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर आदर्श ताइक्वांडो क्लब से जुड़े पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उक्त जानकारी जिला शालेय ताइक्वांडो टीम में शामिल मुख्य कोच सरदार सिंह कुशवाह द्वारा दी गई।

रक्षाबंधन पर सागर में हुई आत्मीय मुलाकात, रघुवंशी ने लिया सांसद का आशीर्वाद

सांसद वानखेड़े ने मानसिंह को बांधा रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर सिरोंज के भाजपा नेता मानसिंह रघुवंशी ने सागर पहुंचकर सागर लोकसभा क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर मानसिंह रघुवंशी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

श्री रघुवंशी ने भी सांसद के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। रक्षाबंधन के इस अवसर पर हुई मुलाकात में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की आत्मीयता, स्नेह और सम्मान की भावना



देखने को मिली। सांसद द्वारा रक्षा सूत्र बांधे जाने का यह अवसर भारतीय संस्कृति, परंपराओं और पारिवारिक संस्कारों की खूबसूरत झलक प्रस्तुत करता नजर आया।

इस आत्मीय मुलाकात के दौरान दोनों के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई। राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय दोनों व्यक्तित्वों की यह मुलाकात राजनीतिक दायरे से अलग पारिवारिक स्नेह, आपसी सम्मान और भारतीय संस्कारों की भावना को प्रदर्शित करती रही। रक्षाबंधन के पर्व पर हुए इस आत्मीय मिलन ने भाई-बहन के रिश्ते में विश्वास, स्नेह और सम्मान के महत्व को रेखांकित किया। सांसद डॉ. लता वानखेड़े द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर शुभकामनाएं देने और मानसिंह रघुवंशी द्वारा आशीर्वाद लेने के इस भावपूर्ण क्षण की क्षेत्र में भी चर्चा रही।

ग्रामीणों का आरोपः चारा-पानी के अभाव में दम तोड़ रहे गोवंश

गौशाला में अव्यवस्थाओं के बीच चार गायों की मौत

ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

सिरोंज। ग्राम पंचायत सोना में संचालित राधा कृष्ण गौशाला समिति की गौशाला में अव्यवस्थाओं के बीच चार गायों की मौत का मामला सामने आया है। गौशाला में गायों की मौत के बाद ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने गौशाला की बदहाल व्यवस्था का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें गौशाला परिसर में गंदगी और गोवंश की खराब स्थिति दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा और पानी की व्यवस्था नहीं है। इसके चलते गायों की हालत लगातार खराब हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला में साफ-सफाई का भी अभाव है और जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। उनका आरोप है कि जिम्मेदारों द्वारा गौशाला की व्यवस्थाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे गोवंश को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



संक्रमण के चलते चार गायों की मौत : गौशाला में गायों की मौत को लेकर जब जनपद पंचायत के सीईओ आशीष अग्रवाल से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि गौशाला में गायों के गले में कुछ संक्रमण होने के कारण चार गायों की मृत्यु हुई है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि गौशाला में कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। इन अनियमितताओं को देखते हुए वर्तमान गौ संचालन समिति को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद गौशाला का संचालन दूसरी समिति को सौंपा जाएगा। जनपद सीईओ के इस बयान के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि गौशाला में अनियमितताएं थीं तो समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार क्यों नहीं किया गया।

सरपंच प्रतिनिधि बोलेः एक-दो गाय की मृत्यु तो हो ही जाती है

गौशाला में हुई गायों की मौत को लेकर जब ग्राम पंचायत सोना की सरपंच उर्मिला मदनलाल से हरिभूमि प्रतिनिधि ने चर्चा की तो उन्होंने कहा कि "एक-दो गाय की मृत्यु तो हो ही जाती है, उसमें कोई दिक्कत नहीं है।" सरपंच ने आगे कहा कि वह फिलहाल बाहर हैं और उनकी अभी पंचायत सचिव से बात नहीं हुई है। पंचायत सचिव गौशाला में स्थिति देखने के लिए गए थे। सरपंच ने यह भी कहा कि उन्हें अभी यह जानकारी नहीं है कि गौशाला में कितनी गायों की मृत्यु हुई है। सरपंच के इस बयान के बाद ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला में रखे गए गोवंश की जिम्मेदारी पंचायत और संचालन समिति की है। ऐसे में गायों की मौत को सामान्य घटना बताने के बजाय उनकी देखभाल और व्यवस्थाओं पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

मुरवास पुलिस की त्वरित कार्रवाई

एक सप्ताह के भीतर इंदौर से 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 अभिरक्षा में



सिरोंज। थाना मुरवास में फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 04-05 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी बहन को जबरदस्ती कार में बैठाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपीगण के विरुद्ध अप.क्र. 92/26, धारा 140(3) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर गुमशुदा की तलाश प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी,पुलिस एसडीओपी अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि लक्ष्मण डावर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर पीड़िता को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 127(2), 3(5) बीएनएस की वृद्धि की गई तथा आरोपीगण की तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इंदौर पहुंची पुलिस टीम ने प्रकरण में शामिल आरोपीगण को चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए आरोपी विजय सिंह ठाकुर एवं विशेष बोरासी को गिरफ्तार किया तथा 02 विधि विरुद्ध बालकों को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ में घटना में प्रयुक्त बलेनो कार को आरोपी विजय ठाकुर के कब्जे से जब्त किया गया। इस दौरान विजय सिंह ठाकुर पिता संवरसिंह ठाकुर, उम्र 18 वर्ष 02 माह, निवासी ग्राम गेढाबर्रा, थाना बजरंगगढ़, जिला गुना, हाल आनंदनगर, इंदौर,विशेष बोरासी पिता लक्ष्मण बोरासी, उम्र 19 वर्ष, निवासी त्रिवेणी नगर, चितावद, इंदौर। 02 विधि विरुद्ध बालक अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मण डावर, सउनि संतोष गौड़, आरक्षक संदीप मौर्य, आरक्षक भानु प्रताप सिंह, आरक्षक संदीप शर्मा एवं आरक्षक ऋषिकेश जाटव की सराहनीय भूमिका रही।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित थान्हेर

पंजीयन क्रमांक 518 दिनांक 25-02-1995 दिनांक 03.09.2026

वार्षिक आमसभा सूचना पत्र

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित थान्हेर के समस्त अंश धारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 32 वी साधारण सभा दिनांक 21.09.2026 दिन सोमवार को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति कार्यालय थान्हेर में आयोजित की गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसने गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थित प्रथनीय है । आमसभा के विषय समस्त सदस्यो को भेज दिये गया है ।

उधम सिंह मीना, समिति प्रबंधक, प्रा कृ.सा.सह समिती थान्हेर
श्री किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक, प्रा.क्र.सा.सह.समिति थान्हेर

कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पुरा जिला विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक-330 दिनांक 15-11-1988 दिनांक 03/09/2026

वार्षिक आमसभा

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पुरा, जिला विदिशा की आमसभा वर्ष 2026-27 की बैठक दिनांक 18/09/2026 दिन शुक्रवार को 12:00 बजे दोपहर से स्थान समिति कार्यालय पुरा में आयोजित की गई है। अतः प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, पुरा के समस्त सदस्यों शासकीय जनतिनिधियों, संचालक मंडल के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आयोजित बैठक में सभी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कोरम के अभाव में आधे घण्टे बाद पुनः बैठक उसी स्थान पर आयोजित की जावेगी, जिसके लिए गणपूर्ति होना आवश्यक नहीं होगा। आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। अन्य विषय अध्यक्ष महोदय कि अनुमति से रखे जा सकेगे ।

कंछेदीलाल रजक, समिति प्रबंधक
अमोल सिंह आदिवासी, समिति अध्यक्ष

कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित शमशाबाद

पंजीयन क्रमांक - 334 दिनांक 15-11-1988

वार्षिक आमसभा सूचना

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित शमशाबाद की वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 12-9-2026 दिन शनिवार को समय दोपहर 2 बजे समिति कार्यालय पर रखी गई है। समिति के समस्त सदस्यों एवं अधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि उक्त समय पर बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। जिसमें गणपूर्ति होना आवश्यक है। नहीं होने पर पुनः आगामी बैठक की जानकारी दी जावेगी। आमसभा के विषय : 1. समिति का वर्ष 2025-26 का वार्षिक लेखा-जोखा एवं पत्रक (बैलेंस शीट) प्रस्तुत करना तथा अनुमोदन। 2. आगामी वर्ष का 2026-27 का प्रस्तावित समस्त कार्य संबंधी विषय में चर्चा। 3. अन्य विषयों पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से पेश किए जावेंगे।

कैलाश सिंह, समिति प्रबंधक
कृष्णपाल यादव, अध्यक्ष

बहु प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सतपाड़ा सराय शाखा सांकलखेड़ा जिला-विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक 3656/30/06/1967

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सतपाड़ा सराय के समस्त अंशधारी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि समिति कि वार्षिक आमसभा दिन सोमवार दिनांक 21.09.26 को सुबह 11.00 बजे स्थान समिति कार्यालय ग्राम सतपाड़ा सराय में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी।

शारदा झारिया, समिति प्रबंधक
किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, हिनोतिया शाखा-देवखजूरी जिला विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक 463 दिनांक 10.12.1992 दिनांक:-03-09-2026

क्रमांक/आमसभा/क्यू/2026-27

वार्षिक आमसभा सूचना पत्र

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हिनोतिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि साधारण सभा दिन शनिवार दिनांक 19-09-2026 को सुबह 12 बजे स्थान समिति हिनोतिया मुख्यालय हिनोतिया में आयोजित की जायेगी। गणपूर्ण (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। आमसभा के विषय समस्त सदस्यो को भेज दिये गया है ।

श्री किशोर कुमार अहरवाल जी, प्रशासक/अध्यक्ष, बहु.प्रा.कृ.सा.स.स.मर्या. हिनोतिया
दयानंद शर्मा, समिति प्रबंधक, बहु.प्रा.कृ.सा.स.स.मर्या. हिनोतिया

प्रारूप-28
[नियम 91 (1) (क) (II)]
ई-निविदा आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्य प्रदेश शासन

कार्यालय नगर परिषद शमशाबाद, जिला विदिशा (म.प्र.)

एन.आई.टी संख्या 670-679/ई-टेण्डरिंग दिनांक 23.08.2026

निम्नलिखित निर्माण/आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मानदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कन्सलटेन्ट और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन बोली आमंत्रित है ।

निविदा क्र.	निविदा क्रम	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	अमानत राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र की कीमत
2	3	4	5	6	7	8	9
2026_UAD_531601_1	प्रथम	वार्ड क्र 10 एवं 13 में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य	1884192-00	14500.00	म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार	12 माह	2000.00
2026_UAD_531636_1	प्रथम	नगर के विभिन्न वार्डो में सी.सी रिन्यूवल को निर्माण कार्य	1640384-00	12500.00			2000.00
2026_UAD_531637_1	प्रथम	नगर के विभिन्न वार्डो में सी.सी रोड एवं रिन्यूवल कोट निर्माण कार्य	1640236-00	12500.00			2000.00
2026_UAD_531644_1	प्रथम	वार्ड 13 राधा कृष्ण मदिर धाट निर्माण कार्य	2515212-00	19000.00			5000.00
2026_UAD_531658_1	प्रथम	नगर के विभिन्न वार्डो में सी.सी रोड एवं रिन्यूवल कोट निर्माण कार्य	1918229-00	14500.00			2000.00
2026_UAD_531659_1	प्रथम	नगर के विभिन्न वार्डो में सी.सी रोड एवं रिन्यूवल कोट निर्माण कार्य	1925057-00	14500.00			2000.00
2026_UAD_531670_1	प्रथम	नगर के विभिन्न वार्डो में सी.सी रोड एवं रिन्यूवल कोट निर्माण कार्य	2331181-00	17500.00			5000.00
2026_UAD_531690_1	प्रथम	नगर के विभिन्न वार्डो में सी.सी रोड एवं रिन्यूवल कोट निर्माण कार्य	1577888-00	12000.00			2000.00
2026_UAD_531784_1	प्रथम	नगर के विभिन्न वार्डो में सी.सी रोड एवं रिन्यूवल कोट निर्माण कार्य	2440909-00	18500.00			5000.00
2026_UAD_531786_1	प्रथम	नगर के वार्ड क 1 विभिन्न स्थलो पर सी.सी रोड निर्माण कार्य	2126793-00	16000.00			5000.00

शर्त-
(1) बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर 10:30 (समय) 24.08.2026 (दिनांक) से 5:30 (समय) 22.09.2026 दिनांक तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है।
(2) एन.आई.टी. में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
(3) किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो, तो कृपया श्री सौरभ श्रीवास्तव (उपयंत्री) 9993031646 से सम्पर्क करें।

अध्यक्ष, नगर परिषद शमशाबाद
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद शमशाबाद

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करारिया

(पंजीयन क्रमांक 451 दिनांक (30-06-1967)

क्र./आम सभा/क्यू / 2026-27 दिनांक 03.09.2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करारिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता हैं कि 60 वीं साधारण सभा दिनांक 19.09.2026 दिन शनिवार को सुबह 11.00 बजे समिति कार्यालय करारिया में आयोजित की गई हैं। गणपूर्ती (कोरम) के अभाव में बैठक स्थार्गित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 2 घंटे पशचात होगीं जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं। आमसभा के विषय समस्त सदस्यो को भेज दिये गया है ।

प्रदीप साहू, समिति प्रबंधक, बी पैक्स करारिया
किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक, बी पैक्स करारिया

बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पीपलखेड़ा जिला विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक 182 दिनांक 30/06/1967

क्रमांक / आमसभा / क्यू / 2026 -27 दिनांक 05/09/2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पीपलखेड़ा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 60 वी साधारण सभा दिनांक 19.09.2026 दिन शनिवार को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति कार्यालय पीपलखेड़ा मे आयोजित कि गई है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव मे बैठक स्थागित होने की दशा में स्थागित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी। जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक मे आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। आमसभा के विषय समस्त सदस्यो को भेज दिये गया है ।

श्री जितेन्द्र विश्वकर्मा, समिति प्रबंधक, बहु. प्राथमिक कृषि सा.स. समिति पीपलखेड़ा
श्री किशोर कुमार अहरवाल, समिति प्रशासक, बहु. प्राथमिक कृषि सा.स. समिति पीपलखेड़ा

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स अंड़िया कला

पंजीयन क्रमांक 469/10.12.1992 दिनांक 02/9/2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित अड़िया कला के सभी अंशधारी सम्मानिय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 18/09/2026 दिन शुक्रवार को सुबह 11,30 बजे से संस्था कार्यालय अड़िया कला मुख्यालय पर संस्था के ठहराव क्रमांक 13 दिनांक 20/08/2026 के अनुसार तय की गई है गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

बृजेश कुमार शर्मा, समिति प्रबंधक, बी पेक्स अंड़िया कला
किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक, बी पेक्स अंड़िया कला

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स वन

पंजीयन क्रमांक 467/10/12/1992 दिनांक 02/09/2026

// वार्षिक आमसभा सूचना पत्र //

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित वन के सभी अंशधारी सम्मानिय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 18/09/2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 02 बजे से संस्था कार्यालय वन मुख्यालय पर संस्था के ठहराव क्रमांक 16 दिनांक 21/07/2026 के अनुसार तय की गई है गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है ।

बृजेश कुमार शर्मा, समिति प्रबंधक, बी पेक्स वन
किशोर कुमार अहरवाल, प्रशासक, बी पेक्स वन

श्री कृष्ण जन्माष्टमी विशेष: रायसेन के महलपुर पाठा का देश में अनोखा मंदिर चर्चा में

13वीं सदी की धरोहर में विराजमान हैं श्री कृष्ण राधा-रुक्मिणी, एक ही प्रतिमा में तीनों के दर्शन

रायसेन/गैरतगंज ▶▶| सोनू कुशवाह

मध्यकालीन शिल्पकला का यह नमूना श्रद्धालुओं के साथ कला प्रेमियों को भी करता है आकर्षित





जिले की तहसील गैरतगंज के महलपुर पाठा गांव की ऐतिहासिक धरती अपने किलों, बावड़ियों और प्राचीन धार्मिक स्थलों के लिए पहचानी जाती है। यह करीब तेरहवीं शताब्दी में बनाया गया था। इसी विरासत में गैरतगंज तहसील क्षेत्र का महलपुर पाठा इन दिनों एक अनोखे श्री राधा कृष्ण, रुक्मिणी मंदिर को लेकर चर्चा में है। सोशल मीडिया पर वायरल पोस्टर में इसे भारत देश का शायद एकमात्र ऐसा मंदिर बताया गया है, जहां भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी और रुक्मिणी जी एक ही शिला की प्रतिमाएं विराजमान हैं।

एक प्रतिमा में तीन स्वरूप, यही है मंदिर की खासियत

मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित प्रतिमा को बताया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के साथ राधा रानी और रुक्मिणी का एक साथ दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। यही वजह है कि स्थानीय स्तर पर इस मंदिर की पहचान भारत देश के दूसरे कृष्ण मंदिरों से अलग मानी जाती है।

13वीं शताब्दी से जुड़ी बताई जा रही विरासत

सोशल मीडिया पोस्टर में श्री कृष्ण रुक्मिणी राधारानी मंदिर और क्षेत्र को 13वीं शताब्दी की ऐतिहासिक धरोहर बताया गया है। महलपुर पाठा में मंदिर के साथ प्राचीन किले और 51 पुरानी बावड़ियों के अवशेष भी मौजूद बताए जाते हैं। पोस्टर में क्षेत्र की 51 बावड़ियों का भी उल्लेख किया गया है, जो इस इलाके के पुराने स्थापत्य और जल-संरचना की समृद्ध परंपरा की ओर इशारा करती हैं।

इतिहास, आस्था और स्थापत्य का संगम

महलपुर पाठा की खासियत सिर्फ श्री कृष्ण राधा रुक्मिणी मंदिर तक सीमित नहीं है। यहां प्राचीन किले के अवशेष, पुरानी बावड़ियां और धार्मिक स्थल एक साथ दिखाई देते हैं। यही वजह है कि यह स्थान धार्मिक आस्था के साथ-साथ इतिहास और पुरातत्व में रुचि रखने वालों के लिए भी महत्वपूर्ण हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महलपुर पाठा जैसे ऐतिहासिक स्थलों को व्यापक पहचान मिलने से यहां पर्यटन की संभावनाएं भी बढ़ सकती हैं। जरूरत है कि प्रशासन और पुरातत्व विभाग इस धरोहर का संरक्षण कर इसके इतिहास और धार्मिक महत्व की प्रमाणिक जानकारी लोगों तक पहुंचाए।

श्री राधा-कृष्ण की अद्भुत प्रतिमा, शिल्पकला का अनोखा उदाहरण

पंडित दामोदर व्यास ने बताया कि एक ही श्वेत पत्थर पर उकेरी गईं राधा रानी, श्री कृष्ण और रुक्मिणि की प्रतिमाएं। मंदिर परिसर में शिवलिंग, नंदी, गणेश और नटराज की मूर्तियां भी है। रायसेन जिले में स्थित यह धार्मिक स्थल अपनी प्राचीनता के साथ अद्भुत शिल्पकला के लिए भी खास पहचान रखता है। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां एक ही श्वेत पत्थर पर उकेरी गई श्री राधा, श्रीकृष्ण औररुक्मिणिकी प्रतिमाएं हैं। मध्यकालीन शिल्पकला का यह नमूना श्रद्धालुओं के साथ कला प्रेमियों को भी आकर्षित करता है। मंदिर परिसर में धार्मिक आस्था से जुड़े कई अन्य स्वरूप भी देखने को मिलते हैं। यहां शिवलिंग, नंदी, गणेश, नागदेवता और नटराज की मूर्तियां मौजूद हैं।

जंगल और बावड़ियां बढ़ाती हैं खूबसूरती

मंदिर के चारों ओर फैला घना जंगल इस स्थल को प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करता है। मंदिर परिसर के आसपास मौजूद दर्जनों पुरानी 51 बावड़ियां भी यहां के प्राचीन इतिहास की कहानी बयां करती हैं। धार्मिक आस्था, पुरातात्विक विरासत और प्राकृतिक वातावरण का संगम इस स्थान को खास बनाता है। श्वेत पत्थर पर राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की बारीक शिल्पकारी यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। मध्यकालीन स्थापत्य और मूर्तिकला की झलक दिखाने वाला यह स्थल संरक्षण और पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। इस मंदिर का इतिहास पुराना है, महलपुर पाठा गांव के बुजुर्ग प्रेम नारायण राय ने बताया कि ब्रिटिश काल में एक अंग्रेज को श्रीकृष्ण की इस मूर्ति से आकर्षण था। उसने पहले खुद को साधु बताया और फिर प्रतिमा को ले जाने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहा। आज भी यह कहानी गांव में पीढ़ी दर पीढ़ी सुनाई जाती है।

स्मयंतक मणि के लिए श्री कृष्ण जामवंत के बीच हुआ था 27 दिन युद्ध

रिक्षराज जामवंत ने अपनी पुत्री जामबंती का श्री कृष्ण के साथ किया था विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरेली

भगवान श्री कृष्ण का जन्म तो मथुरा की कारागार में हुआ, उनकी लीलाएं ब्रजमंडल में हुई, शिक्षा मध्य प्रदेश के उज्जैन में हुई। एक प्रसंग और युद्ध मां नर्मदा के आंचल में श्री कृष्ण द्वारा रिक्षराज जामवंत से लड़ा गया। सतपुड़ा पर्वत, विंध्याचल पर्वत के बीच सदानीरा पतित पावन मां नर्मदा के मैदानी क्षेत्र में बरेली तहसील के दो ग्राम जामगढ़ और भगदेई सदियों से पुरातत्व इतिहास के प्रमाण बने हुए हैं। जामगढ़ के सदियों पुराने मंदिर तालाब और गुफा के साथ पत्थरों पर पद चिन्ह, अबूझ भाषा का शिलालेख और जामवंत की गुफा, ऊंची पहाड़ी पर शिव गुफा, टनो बजनी हिलती चट्टान आज भी पुरातत्वविदों इतिहासकारों के लिए खोज और जिज्ञासा का विषय बने हुए हैं। जामगढ़ की विंध्याचल पर्वत श्रेणी में जामबंत की गुफा है। त्रेता युग में भगवान श्री राम एवं रावण के बीच हुए युद्ध में भगवान श्री राम की सेना में जामवंत प्रमुख नायक और बलशाली योद्धा थे। जामवंत जी ने ही हनुमान जी को उनकी शक्ति सामर्थ का एहसास कराया था। त्रेता युग के बाद द्वापर युग में भी रिक्षराज जामवंत दीर्घायु होने के साथ विंध्याचल पर्वत की एक विशाल गुफा में निवास करते रहे। भगवान श्री राम ने त्रेता युग में उन्हें मिलन का आशीर्वाद दिया था। बाल्मीकि रामायण, प्रेम सागर ग्रंथ में जामवंत के बल बुद्धि पुरुषार्थ के अनेक प्रसंग है।



27 दिनों तक हुआ युद्ध

स्मयंतक मणि चोरी होने का आरोप श्री कृष्ण पर लगा। भगवान श्री कृष्ण स्मयंतक मणि की खोज में रिक्षराज जामवंत के पास पहुंचे मणि के लिए श्री कृष्ण और जामवंत के बीच 27 दिनों तक निरंतर युद्ध हुआ। जामवंत जी कभी अपने जीवन में युद्ध नहीं हारे थे श्री कृष्ण में अपने आराध्य प्रभु श्री राम के दर्शन किए और अपने माथे पर लगी स्मयंतक मणी श्री कृष्ण को सौंप दी।

जामगढ़ श्री कृष्ण की ससुराल

भगवान श्री कृष्ण से युद्ध के बाद जामबंत ने स्मयंतक मणी सोप दी इतना ही नहीं अपनी पुत्री जामबंती से श्री कृष्ण का विवाह कर उन्हें पुत्री सौंप दी इसी कारण जामगढ़ को भगवान श्री कृष्ण की ससुराल भी कहा जाता है।

मंदिर निर्माण और पदचिह्न

जामगढ़ से लगे ग्राम भगदेही में मां कामाख्या देवी का सिद्ध मठ है जहां पुजारी मां को प्रसन्न करने प्रतिदिन अपना शीश अर्पित करते थे। उक्त मठ तांत्रिकों के लिए आज भी ख्याति प्राप्त बना हुआ है। भगदेई के तालाब किनारे एक खजुराहो शैली का पाषाण मंदिर है जहां विराजे शिवलिंग की प्रातः सूर्य किरने सबसे पहले अभिषेक करती है। क्विदंती और लोगों के अनुसार जामवंत जी रात्रि में नग्न होकर मंदिर का निर्माण करते थे। इस कारण उन्होंने बिना घंटी बजाए आने का मन कर रखा था। एक दिन उनकी बहन बिना घंटी बजाए पहुंचने पर जामवंत ने छल्लांग लगाई जो जामगढ़ भगदेही के तालाब किनारे पत्थर पर गुफा की ओर पद चिन्ह सदियों बीत जाने के बाद भी सुरक्षित हैं। पास ही अबूझ भाषा का बीजक है जिसे स्थानीय लोग किसी अज्ञात खजाने से जोड़ते हैं। ऐसी भी मान्यता है की कुछ किलोमीटर दूर विंध्याचल पर्वत की ऊंची चोटी पर जामबंत जी ने तिल गणेश की स्थापना की थी। ऊंची चोटी पर गुफा भी है चोटी पर श्री गणेश जी का मंदिर है ऐसी भी मान्यता है कि प्रतिवर्ष तिल बराबर प्रतिमा बढ़ने से उन्हें तिल गणेश कहा जाता है ।जहां प्रतिवर्ष मेला भरने की परंपरा बनी हुई है। जामवंत की गुफा भूमि से सैकड़ो फीट ऊंची पहाड़ियों में सदियों तक अपना अस्तित्व बनाए रखा। जामवंत गुफा प्राकृतिक झंझाबादो भूछरण की आपदाओं को झेलती रही। गुफा बहुत बड़ी और लंबी थी परंतु अब पूरी गुफा में पहुंचना असंभव हो गया है। गुफा का बाहरी दृश्य जामवंत की गुफा की विशालता का परिचय कराता है। पूर्व के वर्षों में अनेक पुरातत्वबिदो इतिहासकार डॉ नारायण व्यास, डॉ आरसी पांडे, मोहम्मद वसीम खान जामगढ़ भगदेही के मंदिरों, गुफाओं का भ्रमण कर देख चुके हैं जिन्हें हजारों वर्ष पुराना बताया गया।

खरगोन में रक्षा बंधन कार्यक्रम में बहनों ने बांधी राखी

बहनों की सुरक्षा सहायता सर्वोपरि -राज्य मंत्री पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरेली

तहसील के सबसे बड़े ग्राम व्यापारिक केंद्र खरगोन में हुए रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम में सैकड़ो बहनों द्वारा क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को राखियां बांधी गई। आज शुक्रवार को तहसील के दो ग्रामों बाग पिपरिया और नर्मदा किनारे बसे ग्राम डूमर में रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम में लाडली बहनों द्वारा अपने लाडले भाई राज्य मंत्री पटेल को राखी बांधते हुए आशीर्वाद दिया जाएगा। राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा रक्षाबंधन महोत्सव और लाडली बहनों से राखी बंधवाने और उपहार भेंट करने की शुरुआत बरेली नगर से की गई। उसके बाद बुधवार को तहसील के सबसे बड़े ग्राम खरगोन में सैकड़ो लाडली बहनों द्वारा राज्य मंत्री पटेल की कलाई पर स्नेह की डोर बांधी गई।

रात्रि में हुए कार्यक्रम- दिन में रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम हुआ। रक्षाबंधन और श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में धूमधाम से जामगढ़ से खरगोन तक श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई। रात्रि में खरगोन में भजन और संस्कृतक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें प्रसिद्ध कलाकार मोहित सेवानी द्वारा श्री कृष्ण पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। खरगोन में श्री कृष्ण पर्व के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम कृष्णायन का भी आयोजन हुआ जिसमें श्री कृष्ण की विविध लीलाओं का नृत्य नाट्य और कथा के माध्यम से चित्रण किया गया। दोनों ही कार्यक्रमों में क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल की गरिमामय उपस्थिति रही। सुरक्षा सहायता सर्वोपरि- खरगोन के रक्षाबंधन कार्यक्रम में बहनों की भारी उपस्थिति आशीर्वाद से अभिभूत राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि बहनों की सुरक्षा सहायता सर्वोपरि है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार और प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव मुख्यमंत्री के नेतृत्व में



सड़कों पर निर्माण सामग्री व हाथ ठेलों का कब्जा

बरेली। नगर की सबसे बड़ी समस्या सड़कों पर अतिक्रमण और वाहनों का डेरा बना रहना बनी हुई है। सड़कों के किनारो पर स्थाई रूप से खड़े रहने वाले वाहन और हाथ ठेलों के साथ दुकानों की सामग्री फेली रहने से जोखिम भरा असुरक्षित यातायात पैदल चलने वाले बच्चों बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बन रही है। नगर में एक भी वाहन स्टैंड ना होने से सड़कों पर ही वाहनों का मेला सा लगा रहता है। नगर में तेजी से दो पहिया चार पहिया वाहनों की संख्या बढ़ रही है नगर की हर गली प्रमुख सड़क मोहल्लों में सड़कों के किनारे मकानो के सामने वहान खड़े रहने के साथ भवन निर्माण सामग्री का सड़कों पर कब्जा बना रहता है। कन्या शाला रोड किनकी रोड पशु चिकित्सालय चेनपुर रोड बस स्टैंड पावर हाउस रोड टॉकीज रोड छोटा बाजार बड़ा बाजार और सब्जी मंडी के आसपास सड़कों पर अतिक्रमण की भरमार बनी रहने और दुकानों की सामग्री सड़कों पर फैली रहने से पैदल चलना भी कठिन हो रहा है। उदयपुर नाके से पोरिया टॉकीज तक सड़क के दोनों ओर भवन निर्माण सामग्री और अतिक्रमण की अधिकता से वाहनों का संतुलन बिगड़ने की घटनाएं बढ़ रही है। बैंकों में नहीं वाहन पार्किंग- नगर के बीचो-बीच की मुख्य सड़क पर सरकारी और प्राइवेट स्कूलो की अधिक संख्या है। इसी के साथ एक दर्जन से अधिक बैंक भी मुख्य सड़क के किनारे स्थित है। किसी भी बैंक में ग्राहकों के लिए वाहन स्टैंड की सुविधा न होने से बैंकों के सामने दो पहिया चार पहिया वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। नगर में सबसे अधिक असुरक्षित यातायात वाले स्थान बैंकों के सामने, दीनदयाल परिषर चौराहा टॉकीज रोड चौराहा, छोटा बाजार सब्जी मंडी के आसपास पुरानी कन्या शाला रोड और उदयपुरा रोड बने हुए हैं।

प्ले स्कूल में बाल कृष्ण-राधारानी की सजी झांकियां

जन्माष्टमी पर बच्चों ने माखन चोरी और रासलीला की दी प्रस्तुति, क्विज और श्लोक में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायसेन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर शहर में घर-घर नंदगांव जैसा माहौल नजर आया। कृष्णभक्ति में सराबोर परिवारों ने घरों को फूलों और रंगोली से सजाया। बच्चों को बाल कृष्ण और राधा के रूप में तैयार कर परिवारों ने जन्मोत्सव मनाया। वहीं, आरंभ बचपन प्ले स्कूल, श्रीराम लीला मैदान रायसेन में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव फेस्टिवल आयोजित किया गया। इसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे बाल कृष्ण, राधारानी, सुदामा, रुक्मणी और मनसुखा के रूप में सजे नजर आए।

स्कूल की डायरेक्टर शशांभवी चतुर्वेदी ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए बाल कृष्ण, राधारानी और बाल गोपालों की स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बच्चों ने



आकर्षक वेशभूषा में हिस्सा लिया। स्कूल परिसर में रंगोली और क्विज प्रतियोगिता भी हुई। श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित माखन चोरी और रासलीला की प्रस्तुतियों ने बच्चों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती शांभवी चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे त्योहार बच्चों के साथ मिलकर मनाने से घर का वातावरण पवित्र होता है और बच्चे संस्कारों से जुड़ते हैं। स्कूल में श्रीकृष्ण थीम पर पोस्टर, श्लोक और मंत्र प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें बड़ों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जन्माष्टमी पर कन्हैया या राधा के रूप में तैयार करना एक सुंदर परंपरा है, जो उन्हें भारतीय संस्कृति से जोड़ती है।

घरों में सजे नंद महल, बच्चों के साथ माताओं ने भी लिए सेल्फी

जन्माष्टमी के लिए कई परिवारों ने घरों को नंद महल का रूप दिया। रंगोली, फूलों की सजावट और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। बाल कान्हा के स्वागत के लिए महिलाओं ने तरह-तरह के व्यंजन तैयार किए। बच्चों को कृष्ण के रूप में सजाकर माताओं ने उनके साथ सेल्फी लीं और इन पलों को यादगार बनाया।

लव कुश जन्मोत्सव को लेकर कुशवाहा महिला मंडल ने बनाई रणनीति



सिलवानी। कुशवाहा महिला मंडल की बैठक गुरुवार को कुशवाहा धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहीं। बैठक में बताया गया कि आगामी 12 सितंबर को लव.कुश जन्मोत्सव का आयोजन वर.वधू गार्डन में किया जाना है। इस कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर सफल बनाने और इसमें महिला मंडल की भूमिका पर विस्तार से चर्चा कर रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। सभी मातृ शक्तियों से आग्रह किया गया कि वे जन्मोत्सव कार्यक्रम में अनुशासित होकर सहभागिता करें और सफलता में योगदान दें। बैठक का शुभारंभ भगवान लव.कुश के चित्र की पूजा.अर्चना से किया गया। इस दौरान कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

अनियंत्रित डंपर घर में घुसा : बाल-बाल बची महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गैरतगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित टेकापार हनुमान मंदिर के सामने एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। बीती रात लगभग साढ़े बारह बजे गिट्टी से भरा एक तेज रफ्तार डंपर (एमपीआरडीसी) अनियंत्रित होकर एक रिहायशी मकान में जा घुसा। इस दुर्घटना में मकान मालिक के परिवार की जान बाल-बाल बची, लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है।

मवेशी को बचाने में हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डंपर गैरतगंज से गिट्टी भरकर गुजर रहा था। चालक के मुताबिक, अचानक सड़क पर एक गाय आ गई। मवेशी को बचाने के प्रयास में उसने अचानक ब्रेक लगाया, लेकिन वाहन भारी और लोड होने के कारण अनियंत्रित होकर सीधे दीपचंद जैन (रिटायर्ड शिक्षक) के मकान से जा



टकराया और पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में गाय की भी मौत हो गई है। हादसे के वक्त मकान मालिक दीपचंद जैन की पत्नी पानी पीने और बाथरूम जाने के लिए उठी थीं। ठीक उसी समय डम्फर मकान के अगले हिस्से से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऊपरी मंजिल का बाथरूम का दरवाजा टूटकर गिर गया और दीवार की लोहे की छड़ (राड) निकलकर महिला को जा लगी, जिससे वह बाल-बाल बच गईं। मकान का आगे का हिस्सा, टीन शेड और मुख्य संरचना बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मकान में रहने वाले किरायेदारों की 3 मोटरसाइकिल टीन शेड के नीचे खड़ी थी, जो पूरी तरह मलबे में दबकर नष्ट हो गई है।

स्थानीय लोगों ने की मदद

घटना की आवाज सुनते ही आसपास के रहवासी मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद डम्फर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल गैरतगंज में भर्ती कराया।

रिमझिम बारिश शुरू धान की फसलों को लाभ, तापमान में गिरावट आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरेली

देश के अधिकांश प्रदेशों में बारिश बाढ़ से हाहाकार और जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। नर्मदा क्षेत्र में कम बारिश किसानों एवं क्षेत्र के निवासियों में भारी चिंता का विषय बन रही है। 4-5 दिनों के अंतराल बाद बुधवार को सुबह से आसमान में काले धने बादल छाए रहने दोपहर बाद नगर सहत संपूर्ण क्षेत्र में रिमझिम बारिश से तापमान में गिरावट और हवाओं में ठंडक आ गई है। धान की फसलों को लाभ- किसान धान की फसलों में पानी की कमी महसूस कर रहे थे। ट्यूब बेलों



में भी कम बारिश के कारण पर्याप्त पानी न आने की अधिकांश ग्रामों में समस्या बनी हुई है। बुधवार को दोपहर बाद शुरू हुई रिमझिम बारिश का दौर रात तक निरंतर चलने से धान के खेतों में पानी की कमी कुछ दूर हुई है। इस वर्ष धान की रोपाई में 20-25 दोनों का विलंब हुआ है।

सुमित यादव बने युवा यादव महासभा के रायसेन जिला मंत्री

बाड़ी । अखिल भारतीय युवा यादव महासभा मध्यप्रदेश ने संगठन का विस्तार करते हुए सुमित यादव को रायसेन जिले का जिला मंत्री नियुक्त किया है।



संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष यादव महासभा की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष बलवीर यादव की सहमति पर यह नियुक्ति की गई है। जिला अध्यक्ष मुकुल यादव द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में सुमित यादव, पिता सीताराम यादव, निवासी बाड़ी को जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र में संगठन ने विश्वास जताया है कि सुमित यादव समाज के युवाओं को संगठित करने संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक हित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति की खबर के बाद समाजजनों एवं समर्थकों ने यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मंडीदीप के खिरिया मोहल्ले में वारदात, पुलिस ने 2 धारदार छुरे बरामद किए

पुरानी रंजिश में युवक की चाकू से की थी हत्या, चंद घंटों में 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायसेन

जिले के मंडीदीप के वार्ड क्रमांक 2 के खिरिया मोहल्ले में बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर 25 वर्षीय युवक की धारदार छुरे से हमला कर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही मंडीदीप पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने चंद घंटों में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो लोहे के धारदार छुरे बरामद किए गए हैं। एसपी आशुतोष गुप्ता, एसडीओपी शीला सुराना के अनुसार, 2 सितंबर को रात करीब 8 बजे खिरिया मोहल्ले में अंकित तोमर पिता सुनील तोमर (25), निवासी वार्ड क्रमांक 2, पर आरोपियों ने धारदार छुरे से हमला कर दिया। हमले में अंकित तोमर की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। सूचना पर मंडीदीप पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। सूचना पर मंडीदीप पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

अलग-अलग टीमें बनाकर तलाश शुरू की



हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गईं। टीमों ने घटनास्थल के आसपास संदिग्धों से पूछताछ की और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। पुलिस ने प्रकरण की कड़ियां जोड़ते हुए आरोपियों की तलाश की और कुछ ही घंटों में चारों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो लोहे के धारदार छुरे बरामद किए हैं। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट का भी इजाफा किया गया। चारों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

ये चार आरोपी गिरफ्तार

- रोहित मेहरा पिता मांगीलाल मेहरा, उम्र 28 वर्ष
- बल्ला उर्फ बलराम मेहरा पिता मांगीलाल मेहरा, उम्र 46 वर्ष
- दो छुरे बरामद, आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाई
- मुकेश उर्फ गुड्डू मेहरा पिता मांगीलाल मेहरा, उम्र 38 वर्ष
- बाबूलाल मेहरा पिता मांगीलाल मेहरा, उम्र 35 वर्ष सभी आरोपी वार्ड क्रमांक 2, खिरिया मोहल्ला, मंडीदीप के निवासी हैं।